आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 30.04.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर स्थित गोमती इंडोर स्टेडियम में एमसीएफ सतरंज प्रतियोगिता 2019 का शुभारंभ दिनांक 30.04.2019 को भव्य तरीके से किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ उपाध्यक्ष आरेडिका/खेल–कूद संघ, आर. एन मीना, के द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता दिनांक 30.04.2019 से 02.05.2019 तक आयोजित की जायेगी।

यह प्रतियोगिता आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के खेल–कूद संघ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में आरेडिका, के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भाग ले रहें है।

इस प्रतियोगिता का पहला मैच पंकज कुमार भारद्वाज एवं विपुल सिन्हा के बीच खेला गया।

आरेडिका में पिछले वर्ष भी इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें आरेडिका के कर्मचारियों ने बढ.–चढ. कर हिस्सा लिया था।

आरेडिका, कोचों के उत्पादन के साथ–साथ कर्मचारियों के मनोरंजन के लिए भी इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन करता रहता है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों एवं बच्चों के मनोरंजन व खेल–कूद में अभिरुचि को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष खेल–कूद संघ ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताऐं जहाँ कर्मचारियों के मनोरंजन के लिए हीं नहीं बल्कि खेल के क्षेत्र में विकास के लिए भी आवश्यक हैं। इस तरह के आयोजन पूरी कॉलोनी के लिए बेहतर मानोरंजन का साधन भी है जिसे देख कर बच्चों के मन में खेलों में भाग लेने की रुचि बढ़ती है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

(आर.पी.शर्मा)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी